**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 03.07.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान और गुजरात दौरे पर, दोनों राज्यों को देंगे 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की सौगात ।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष की समीक्षा की, सहकारी समितियों के डिजिटलाइजेशन के दिए निर्देश ।**
- **केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ फसलों और मानसून की समीक्षा की, 262 संवेदनशील जिलों की हुई पहचान ।**
- **भोपाल में अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर समन्वय बैठक आयोजित, 25 जुलाई से 6 अगस्त तक होगी रैली ।**

**प्रधानमंत्री - दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान और गुजरात के दौरे पर रहेंगे, जहां वे दोनों राज्यों को करीब 1.06 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वे जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्‌घाटन करेंगे और संशोधित उड़ान योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत 100 नए एयरोड्रोम विकसित किए जाएंगे। इसके बाद बालोतरा के पचपदरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिस पर करीब 80 हजार रुपए से अधिक का निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे और राजस्थान सरकार में भर्ती हुए करीब 54 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। शाम को वे गुजरात के साणंद पहुंचेंगे, जहां 7 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से बनी सीजी सेमी ओएसएटी सेमीकंडक्टर सुविधा का उद्‌घाटन करेंगे।

**सीएम- कृषक समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की कहा। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार का कर्तव्य है और इसी उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने सहकारी समितियों की प्रक्रियाओं का डिजिटलाइजेशन करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और ई-पासबुक सुविधा का शुभारंभ जुलाई माह में ही किया

जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव और संभागीय मुख्यालयों पर फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे।

**शिवराज- समीक्षा बैठक**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में खरीफ फसलों, मानसून की स्थिति और एल नीनो के संभावित प्रभाव की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि देशभर में वर्षा की कमी की आशंका वाले 262 संवेदनशील जिलों की पहचान की गई है। इनमें से 210 जिले अब भी वर्षा की कमी का सामना कर रहे हैं। बैठक में बताया गया कि 2 जुलाई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में मानसून आगे बढ़ सकता है। केंद्रीय मंत्री ने प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर कॉन्टिंजेंसी प्लान की समीक्षा करने और किसान क्रेडिट कार्ड व फसल बीमा कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए।

**शिवपुरी- फैक्ट्री शिलान्यास**

शिवपुरी में 5 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद प्रभारी मंत्री ने शहर का भ्रमण कर नागरिकों को पीले चावल भेंट करते हुए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**उपमुख्यमंत्री- समीक्षा बैठक**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के श्रीरामानुज संस्कृत परिसर, रीवा के सशक्तीकरण और संस्थागत विकास संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में परिसर के लिए कुल 243 पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसमें 117 शैक्षणिक, 4 प्रशासनिक और 122 गैर-शैक्षणिक पद शामिल हैं। इन पदों की पूर्ति तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से किए जाने की योजना है।

**अग्निवीर भर्ती- भोपाल**

भोपाल में जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में आज अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह भर्ती रैली 25 जुलाई से 6 अगस्त तक नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे ने सभी विभागों को समन्वय के साथ समयबद्ध व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पर्यटन क्विज-2026**

प्रदेश के टूरिज्म बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'पर्यटन क्विज-2026' आयोजित की जा रही है। इसके लिए विद्यालय 25 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। जिला स्तरीय क्विज 7 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होगी, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक जिले की विजेता टीमों को प्रदेश के पर्यटन बोर्ड द्वारा निःशुल्क पर्यटन भ्रमण का उपहार दिया जाएगा।

**बार्क रेटिंग-रोक**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण श्रोता अनुसंधान परिषद यानी बार्क को समाचार और गैर-समाचार दोनों श्रेणियों में टेलीविजन रेटिंग जारी करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी जब तक परिषद को टेलीविजन रेटिंग नीति-2026 के तहत लाइसेंस नवीनीकरण नहीं मिल जाता।

**ई रिक्शा -एप रोक**

केंद्र सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के चलते बैट-बीएमएस, इपोक-आई-आयन और लॉसिगी ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। इन ऐप्स का इस्तेमाल ई-रिक्शा की बैटरी को ब्लूटूथ के जरिए दूर से बंद करने के लिए किया जा रहा था। यह फैसला संभावित गलत इस्तेमाल और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए लिया गया है।

**आधार - ईमेल अपटेड सेवा**

केंद्र सरकार ने बताया कि आधार ऐप पर ईमेल आईडी निशुल्क अपडेट की सुविधा 1 जुलाई से शुरू होने के बाद पहले दो दिनों में 2.5 लाख से अधिक ईमेल अपडेट हुए हैं। UIDAI के अनुसार यह सेवा छह महीने की अवधि के लिए निःशुल्क उपलब्ध है और इससे आधार केंद्र जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। अब तक 40 लाख से अधिक लोगों ने नए आधार ऐप से मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं, वहीं लगभग 10 लाख लोगों ने पता भी अपडेट किया है।

**महिला सुरक्षा हेल्पलाइन**

राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण के लिए 24 घंटे चलने वाली महिला हेल्पलाइन 14490 संचालित कर रहा है। यह टोल-फ्री हेल्पलाइन हिंसा और उत्पीड़न का सामना कर रही महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने और

मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराती है। इस पर महिलाएं शिकायत के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकती हैं।

**अमरनाथ यात्रा**

वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आज से शुरू हो गई है। यह यात्रा 57 दिनों तक चलकर 28 अगस्त तक जारी रहेगी। कड़ी सुरक्षा के बीच पहले जत्थे में कुल 4 हजार 822 श्रद्धालु जम्मू से रवाना हुए, जिनमें 2 हजार 510 श्रद्धालु नुनवान और 2 हजार 312 श्रद्धालु बालटाल आधार शिविर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। दोनों नेताओं ने यात्रा के सुरक्षित, सुचारु और आध्यात्मिक रूप से मंगलमय संपन्न होने की कामना की है।

**पन्ना टाइगर- शावक**

पन्ना टाइगर रिजर्व के धुंधुआ सेहा क्षेत्र में बाघिन पी-652 ने दो शावकों को जन्म दिया है। टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों शावकों की उम्र लगभग दस दिन है और मां व शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। वन विभाग की विशेष टीम हाथियों और आधुनिक तकनीक की मदद से चौबीसों घंटे उनकी निगरानी कर रही है।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 9 दिन की देरी से आया मानसून कल उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने खंडवा और हरदा के लिए इस मानसून सीजन का पहला रेड अलर्ट जारी किया, जहां अगले चौबीस घंटों में चार से आठ इंच तक बारिश हो सकती है। धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, बुरहानपुर और बैतूल में भी अति भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग ने 6 जुलाई तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

**क्रिकेट**

इंग्लैंड ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार रात को सेमीफाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 40 रन से हराया। अब रविवार को लॉर्ड्स के मैदान पर खिताब के लिए इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। वहीं दूसरी तरफ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट श्रृंखला का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह दो मैचों की श्रृंखला 15 से 27 अगस्त तक खेली जाएगी। पहला टेस्ट 15 अगस्त से गाल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में और दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

- **गुना** कोचिंग संस्थानों में न्यूनतम दो सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश; सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे कैमरे।
- **सिंगरौली** चितरंगी में 'भारत जी राम जी योजना' का शुभारंभ; राज्य मंत्री राधा सिंह ने कार्यशाला की शुरुआत की।
- **खंडवा** जिला अस्पताल में ओपीडी पंजीयन को आसान बनाने के लिए ई-रजिस्ट्रेशन सुविधा शुरू।
- **आगरमालवा** नगर पालिका ने कंपनी गार्डन में नीम, पीपल और बरगद के 111 पौधों का रोपण किया।
- **पन्ना** राज्य खेल अकादमियों के लिए 12 से 18 वर्ष के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आज से शुरू।
- **मंदसौर** 'स्टॉप डायरिया अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों के क्लोरीनेशन और पानी की जांच का प्रशिक्षण शुरू।
- **देवास** आईटीआई परिसर में आगामी 7 जुलाई को 'युवा संगम रोजगार मेला' आयोजित किया जाएगा।
- **छिंदवाड़ा** कलेक्टर ने आकाशीय बिजली से बचाव के लिए नागरिकों से 'दामिनी' मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की अपील की।
- **सीहोर** स्कूली बच्चों के मानसिक-शारीरिक विकास के लिए आयोजित तीन दिवसीय 'उमंग हेल्थ एंड वैलनेस' प्रशिक्षण संपन्न।
- **सागर** खेल परिसर के मैदान पर मध्य प्रदेश राज्य महिला हॉकी अकादमी का चयन ट्रायल आयोजित।
- निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश के तीसरे चरण की चॉइस फिलिंग शुरू; पहले से पंजीकृत अभिभावक 8 जुलाई तक चॉइस अपडेट कर सकेंगे।
- **नीमच** के जावद सिविल अस्पताल सहित सभी केंद्रों पर सर्पदंश का इलाज और 'एंटी स्नेक वेनम' चौबीसों घंटे मुफ्त उपलब्ध।
- **कटनी** रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद नगर निगम के अमले ने नालियों की सफाई कर जलभराव की स्थिति को संभाला।

____________